बीएसई ने पीएसयू पर आधारित वेबसाइट शुरू की

मुंबई। बांबे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लिए विनिवेश आधारति वेबसाइट बुधवार को जारी की। भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उपक्रम मंत्री विलासराव देशमुख ने इस वेबसाईट का उद्घाटन किया। बीएसई में केंद्रीय क्षेत्र की 214 सार्वजनिक उपक्रमों और उसकी सहायक इकाइयों में से 44 सूचीबद्ध है। इन 44 सार्वजनिक उपक्रमों, सार्वजनिक क्षेत्र के 26 अतिरिक्त बैंकों, तथा राज्य स्तर के छह सार्वजनिक उद्यमों को मिलाकर बीएसई में पीएसयू की कुल 76 इकाइयों सूचीबद्ध हैं और बीएसई की कुल पूंजी में इनकी 30 प्रतिशत से अधिक का हिस्सा है। बिक्री के विकल्प को बंद करने के बाद सरकार ने इन सार्वजनिक उपक्रमों में अपनी हिस्सेदारी बेचने के लिए सार्वजनिक निर्गम का रास्ता अपनाया है और यह एनटीपीसी, आरईसी, एनएमडीसी और एसजेवीएन के इश्यू में देखा जा सकता है।